दिनांक 23.11.2019
प्रेस विज्ञप्ति 28/19

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

पुलिस मुख्यालय में पुलिस झण्डा दिवस 2019 (Police Flag Day) का आयोजन किया गया

आज दिनांक 23–11–2019 को पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के प्रांगण में प्रातः 1000 बजे '**पुलिस झण्डा दिवस**' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस ध्वज को ध्वज स्तम्भ के निकट ससम्मान लाया गया। **श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज का अभिवादन किया गया एवं बैण्ड द्वारा 'भारत के जवान' धुन बजायी गयी।**

श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया :–

शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। ब्रिटिश उपनिवेश के 'पुलिस–बल' से 'पुलिस–विभाग' तक की यात्रा उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये एक गौरव गाथा है। पुलिस एक्ट–1861 के अनुसार पुलिस का पुनर्गठन अपराध के नियंत्रण एवं अन्वेषण के लिये किया गया था। स्वतंत्रता के पश्चात् पुलिस को जनता के प्रति जवाबदेह बनाते हुए उ0प्र0 पुलिस कमीशन (1960–61 ई0) की रिपोर्ट में पुलिस को कानून की सीमा में रहकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस का इतिहास वस्तुतः आधुनिक भारत के जन–संघर्ष के साथ सामाजिक–आर्थिक एवं राजनैतिक विकास का प्रामाणिक इतिहास है जो धीरे–धीरे परन्तु लगातार लोक व्यवस्था के प्रति अधिक जवाबदेह होता जा रहा है।

23 नवम्बर, 1952, पुलिस लाइन्स लखनऊ के परेड ग्राउण्ड में वार्षिक पुलिस परेड के अवसर पर राष्ट्र के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस एवं पीएसी ध्वज प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से पुलिस उप अधीक्षक श्री एस0एन0 तनखा द्वारा ध्वज प्राप्त किया गया। ध्वज का आकार 4 फिट लम्बा एवं 3 फिट चौड़ा है। यह दो रंगों का है जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे की ओर नीला रंग है। मध्य में उ0प्र0 पुलिस का प्रतीक चिन्ह है।

उत्तर प्रदेश पुलिस कमीशन (1960—61) की रिपोर्ट में पुलिस मुख्यालय को इलाहाबाद से लखनऊ स्थानान्तरित करने की संस्तुति की गयी थी। पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से 02 सितम्बर, 2019 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में नवीन पुलिस मुख्यालय का लोकार्पण किया गया। इस भवन में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक सहित कुल 13 शाखायें स्थापित हैं। संगठनात्मक विकास के चरण में राज्य आपदा मोचन बल के भवन, जनपद सुल्तानपुर एवं जालौन में दो पुलिस ट्रेनिंग स्कूल एवं लखनऊ में एकीकृत आपात सेवा 112 का शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। पुलिस बजट का समायोजन पारदर्शी तरीके से करने के उद्देश्य से 'बजट मॉनीटरिंग सिस्टम' को भी लागू किया गया है। शीघ्र ही पुलिस एवं फारेसिंक विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

हमने संगम के पावन तट पर भव्य कुम्भ एवं वाराणसी में प्रवासी भारतीय सम्मेलन का आयोजन व लोकसभा चुनाव 2019 को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया है। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है। अभी हाल ही में अयोध्या प्रकरण में प्रदेश में पूर्ण शान्ति व सुदृढ़ कानून—व्यवस्था की स्थापना करके उ0प्र0 पुलिस के प्रत्येक जवान ने झण्डे की आन— बान— शान को बढ़ाया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस दृढ़ प्रतिज्ञ है कि हम अपने प्रदेश एवं लोगों की सुरक्षा करते हुए अपने ध्वज के सम्मान को बनाये रखेंगे। हम अपने ध्वज की गरिमा को आगे ले जाने के लिये कर्तव्य के पथ से किसी भी स्थिति में विचलित नहीं होंगे। एक प्रदेश, एक बल, एक ध्येय एवं एक ही कर्तव्य सिर्फ लोक सेवा यही हमारा उद्देश्य है।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

यह गौरव

WELCOME

पुलिस

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 को पुलिस झण्डा लगाया गया

श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 23–11–2019 को माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस झण्डा लगाया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएं दी।